# डिस्कवरी म्यूजियम का मेरा दौरा




DISCOVERY MUSEUM
science. nature. play.

संशोधित किया गया नवंबर 2023

# बेसी द डायनासोर

जब मैं डिस्कवरी म्यूजियम जाऊंगा, तो मैं **बेसी** स्नेही **डायनासोर** को देखूंगा।

मैं उसे **हाथ हिला कर** "हाय" बोल सकता हूं।



# चेक-इन और स्टिकर

जब हम पहुंचेंगे, तो हम **एडमिशन डेस्क**पर चेक-इन करेंगे।

हमारे दौरे के लिए पहनने के लिए सब को एक **स्टीकर** मिलेगा।




ग्रुप विजिटर

सदस्य

म्यूजियम विजिटर

# सहायक सामग्री

मेरे दौरे के दौरान एडमिशन डेस्क पर, मेरा अभिभावक मुझे और अधिक **आरामदायक** महसूस करने में मदद करने के लिए चीजें मांग सकता है।

- व्हीलचेयर या परिवहन कुर्सी
- शोर कम करने वाले हेडफ़ोन
- धूप का चश्मा
- सोशल स्टोरी गाइड
- सेन्सरी मानचित्र
- पोर्टेबल स्टेप स्टूल



# म्यूजियम के कर्मचारी

यहाँ बहुत सारे **मिलनसार लोग** काम करते हैं।

वे नेमटैग, बैंगनी एप्रन या नीली जैकेट पहनते हैं।

उनका काम मेरे **प्रश्न** का जवाब देना और **मेरी मदद करना** है अगर मुझे उसकी आवश्यकता पड़े।





# खेल का समय

जानकारी के लिए अलग-अलग गैलरी हैं। मैं सब में **खेल**सकता हूं।

मेरा अभिभावक और मैं **एक साथ रह कर** चुन सकते हैं कि हम क्या करना चाहते हैं।

नई चीजों को आजमाने में**मज़ा** आएगा और मैं नए **दोस्तों**से भी मिल



# लाइट और कलर गैलरी


**लाइट और कलर गैलरी** एडमिशन डेस्क के पास है।

कमरा में **अंधेरा** रहता है ताकि मैं अलग-अलग **रंग**देख सकूं।



# वाटर गैलरी

**वाटर गैलरी**में **गीला**होने में कोई परेशानी नहीं है।
मेरे कपड़ों को सूखा रखने के लिए मैं **स्मॉक** पहन





# साउंड और एयरप्ले

**साउंड गैलरी** और **एयरप्ले गैलरी** में हो सकता है कि **शोर**हो।

मैं शोर से बचने के लिए हेडफ़ोन मांग सकता हूं।



साउंड गैलरी में मैं अलग-अलग **उपकरण** बजा सकता हूं और **संगीत**बना सकता हूं।



मैं **स्कार्फ**और **बॉल्स** को एयर मेज़ में ज़ूम करते हुए देख सकता हूं। उन्हें कोशिश करके पकड़ने में मज़ा आएगा।

# सामुदायिक गैलरी

**सामुदायिक गैलरी** एक बड़ी जगह है जहाँ गतिविधियाँ बदलती रहती हैं।
मैं सोचता हूं कि जब मैं वहां जाऊंगा तो वहां क्या होगा?



कभी-कभी वहां **ब्लाक** और अन्य चीजों के साथ कुछ बना सकते हैं।




कभी कभी वहां आजमाने के लिए **विशेष गतिविधियाँ** होती हैं।

# ब्रेन बिल्डिंग एक साथ

## ऊपर खेलने के लिए और भी जगहें हैं!

ब्रेन बिल्डिंग एक साथ **3 साल के बच्चे और उनसे छोटे बच्चों** और उनके परिवार के लिए खेलने की जगह है।





# बेसी का घर

**बेसी का घर** में मेरे लिए रोल प्ले के लिए बहुत सारे विशेष कमरे हैं।



मैं **ट्रेनों** के साथ खेल सकता हूं।




मैं **खाना बना** सकता हूं।



मैं **कैम्प फायर** के सामने बैठ सकता हूं।



मैं सागर में **सेल** कर सकता हूं।

# कुछ बनाने का समय!

**दा विंची वर्कशॉप** में, मैं घर लाने के लिए कोई आविष्कार या कलाकृति **बना**सकता हूं।






**सरल मशीनों की गैलरी** में, मैं सभी प्रकार के उपकरण या मशीन **बना** सकता हूँ।

# हाँ, यह गणित है!



**गणित गैलरी** में, मैं चुंबकीय आकृतियों के साथ कुछ बना सकता हूं और पैटर्न में डांस करवा सकता हूं।

झूलते हुए **हार्मोनोग्राफ टेबल** पर, मैं म्यूज़ियम के कर्मचारियों की मदद से अपनी खुद की पेंडुलम ड्राइंग बना सकता हूं।



# ब्रेक टाइम

मुझे खेलने से **ब्रेक** लेना पड़ सकता है।
वहां मेरे उपयोग करने के लिए **बाथरूम** हैं।




मैं आराम करने के लिए म्यूजियम के कर्मचारियों से **शांत स्थान** के बारे में पूछ सकता हूं।

# डिस्कवरी वुड्स

**बाहर खेलने** के लिए मेरे लिए बहुत सारे स्थान हैं।

डिस्कवरी वुड्स में खेलने के लिए विशाल ट्रीहाउस, नीचे जाने के लिए **स्लाइड्स**, झूलने के लिए **स्विंग** और इधर-उधर घूमने के लिए **गार्डन** है।



# द ट्रीहाउस

डिस्कवरी वुड्स के बीच में बड़ा **ट्रीहाउस**है।

वहां लकड़ी और पेड़ों की **महक** आती है।

मैं पढ़ सकता हूं या **प्रकृति से संबंधित** क्रियाओं के मज़े ले सकता हूं।





# प्रकृति के नज़ारे

मैं **पेड़ों** के आसपास और **चट्टानों** के नीचे रहने वाली चीजें देख सकता हूं।

मैं पास की संरक्षण भूमि पर **प्रकृति की सैर** कर सकता हूं।





# प्रकृति के और नज़ारे

एक रास्ता है जिस से मैं पार्किंग लॉट तक जा सकता हूं।

उसी रास्ते पर चलते हुए, मैं असामान्य उपकरणों के साथ **संगीत** बना सकता हूं।

मैं **बहुत बड़े लीवर** के साथ अपने अभिभावक को लिफ्ट करने की कोशिश कर सकता हूं।





# जाने का समय

जल्द ही **जाना** होगा।

मैं बेसी को अलविदा कहूंगा और शायद उसके साथ**फोटो** लूंगा।



बहुत ही **मज़ा**आया!

DISCOVERY MUSEUM


# संवेदी मानचित्र

इनडोर सुगम्य संग्रहालय


## 3 तीसरा स्तर




## 2 दूसरा स्तर




## 1 प्रथम स्तर




## चाबी

- एक ब्रेक ले लो
- कम रोशनी
- तेज़ शोर
- गीली जगह

- शौचालय
- लिफ़्ट
- नर्सिंग रूम

- आपातकालीन निकास

अप्रैल 2024

# संवेदी मानचित्र

## आउटडोर सुगम्य परिसर

